a2zpapers.com

Exam. Code : 103204
Subject Code : 1112

B.A./B.Sc. 4th Semester

HINDI ELECTIVE

(उपन्यास, नाटक: सिद्धान्त की व्याकरण तथा भक्तिकाल)

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—100

a2zpapers.com

खण्ड—क

I. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिक-से-अधिक **पाँच** पंक्तियों में दीजिए :— 10×2=20

(i) 'अंक भरना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ii) 'अपने मुँह मियाँ मिट्ठ होना' महावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

a2zpapers.com

(iii) 'अधजल गगरी छलकत जाय' लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(iv) 'न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(v) समास क्या है ?

(vi) बहुव्रीहि समास क्या है ?

(vii) 'नीलकण्ठ' और 'वीणापाणि' समस्त पद के अर्थ लिखिए।

(viii) कर्त्ता कारक किसे कहते हैं ?

(ix) कर्त्ता कारक के 'ने' चिह्न का प्रयोग किस काल में होता है ?

(x) पूर्ण विराम चिह्न का प्रयोग कब किया जाता है ?

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question paper

a2zpapers.com

खण्ड—ख

II. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **चार** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :— 6×4=24

(i) साँस का भरोसा ही क्या ? इसी नश्वरता पर हम अभिलाषाओं के कितने विशाल भवन बनाते हैं। नहीं जानते, नीचे जानेवाली साँस ऊपर आयेगी या नहीं, पर सोचते इतनी दूर की हैं, मानो हम अमर हैं।

(ii) विपत्ति आती है, तो अकेले नहीं आती। यह क्या जानता था कि वह द्वार पर कान लगाये खड़ा है।

(iii) आज पहली बार उसे आत्म वेदना हुई, जिसके बिना आँख नहीं खुलती, अपना कर्त्तव्य-मार्ग नहीं सूझता। वह मार्ग अब दिखाई देने लगा।

(iv) तभी पिछले तेरह वर्षों में एक पैसा भी टैक्स नहीं दिया। हर कलक्टर आया, और इस फाइल में कुछ और पेज जोड़कर चला गया।

(v) आदमी से कलक्टर हो जाना यह आपकी लड़ाई थी; जिन्दगी में आप वकील थे। कलक्टर आपके लिए ईश्वर था।

(vi) तुम्हारी आज की राजनीति उसी मनुष्य को बरबाद कर सिर्फ वही सत्ता और 'लग्ज़री' हथियाने का 'शॉर्टकट' है।

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question papers

a2zpapers.com

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए :— 6×4=24

(i) 'निर्मला' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ii) निर्मला के चरित्र की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iii) प्रेमचन्द का लेखक-परिचय दीजिए।

(iv) लक्ष्मीनारायण लाल ने 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक में क्या संदेश दिए हैं ?

(v) राजन के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(vi) 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक का सार लिखिए।

खण्ड—ग

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए :— 16×2=32

(i) भक्तिकाल की परिस्थितयों पर प्रकाश डालिए।

(ii) रामभक्तिकाव्य की प्रवृतियाँ स्पष्ट कीजिए।

(iii) उपन्यास की परिभाषा देते हुए उपन्यास के भेद बताइए।

(iv) नाटक के तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
We provide GNDU question papers, PTU question papers, PU question papers,